UKPSC
RO ARO

Previous Year Paper
(Hindi Composition)
26 Oct, 2024

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

40,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

500+ Exam Covered

Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

DOWNLOAD NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

856602

RHC

No. of Printed Pages : 4

2024

हिन्दी संरचना

(द्वितीय प्रश्न–पत्र)

Hindi Composition

(Second Paper)

निर्धारित समय : 3 घंटे] *[पूर्णांक :100*

Time allowed : 3 Hours] *[Maximum Marks : 100*

नोट : (1) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(2) प्रश्नों के लिए निर्धारित अंक उनके अंत में दिए गए हैं ।

(3) पत्रलेखन में अपना नाम, पता तथा अनुक्रमांक न लिखें । यदि अनिवार्य हो तो क, ख, ग या क्ष, य, ज्ञ (X, Y, Z) लिख सकते हैं ।

Adda247

1. अधोलिखित गद्यांश को पढ़िए और इसके आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **20 अंक**

केवल असाधारणत्व की रुचि सच्ची सहृदयता की पहचान नहीं है । शोभा और सौंदर्य की भावना के साथ जिनमें मनुष्य जाति के उस समय के पुराने सहचरों की वंश–परम्परा स्मृति वासना के रूप में बनी हुई है, जब वह प्रकृति के खुले क्षेत्र में विचरती थी, वे ही पूरे सहृदय भावुक कहे जा सकते हैं । वन्य और ग्रामीण दोनों प्रकार के जीवन प्राचीन हैं, दोनों पेड़–पौधों, पशु–पक्षियों, नदी–नालों और पर्वत–मैदानों के बीच व्यतीत होते हैं, अतः प्रकृति के अधिक रूपों के साथ सम्बन्ध रखते हैं । हम पेड़–पौधों और पशु–पक्षियों से सम्बन्ध तोड़कर बड़े–बड़े नगरों में आ बसे, पर उनके बिना रहा नहीं जाता । हम उन्हें हर वक्त पास न रखकर एक घेरे में बन्द करते हैं और कभी–कभी मन बहलाने के लिए उनके पास चले जाते हैं । हमारा साथ उनसे भी छोड़ते नहीं बनता । कबूतर हमारे घर के छज्जों के नीचे सुख से सोते हैं, गौरे हमारे घर के भीतर आ बैठते हैं, बिल्ली अपना हिस्सा या तो म्यावँ–म्यावँ करके माँगती है, या चोरी से ले जाती है, कुत्ते घर की रखवाली करते हैं और वासुदेव जी कभी–कभी दीवार फोड़कर निकल पड़ते हैं । बरसात के दिनों में जब सुर्खी–चूने की कड़ाई की परवा न कर हरी–हरी घास पुरानी छत पर निकलने लगती है, तब हमें उसके प्रेम का अनुभव होता है । वह मानों हमें ढूँढ़ती हुई आती है और कहती है कि "तुम हमसे क्यों दूर–दूर भागे फिरते हो ?"

Adda247 GET IT ON Google Play

जो केवल अपने विलास या शरीर सुख की सामग्री ही प्रकृति में ढूँढ़ा करते हैं उनमें उस रागात्मक 'सत्व' की कमी है जो व्यक्त सत्ता मात्र के साथ एकता की अनुभूति में लीन करके हृदय की व्यापकता का आभास देता है । सम्पूर्ण सत्ताएँ एक ही परम सत्ता और सम्पूर्ण भाव एक ही परम भाव में अन्तर्भूत हैं । अतः बुद्धि की क्रिया से हमारा ज्ञान जिस अद्वैत भूमि पर पहुँचता है, उसी भूमि तक हमारा भावात्मक हृदय भी इस सत्व रस के प्रभाव से पहुँचता है ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । **4 अंक**

(ख) उपर्युक्त गद्यांश का लगभग एक तिहाई शब्दों में सारांश लिखिए । **10 अंक**

(ग) गद्यांश में रेखांकित पंक्तियों की व्याख्या कीजिए । **6 अंक**

2. निम्नलिखित सरकारी पत्र का सारणीरूप (Tabular Form) में सारलेखन कीजिए । **15 अंक**

दिनांक : 16/04/24

संख्या 515-3/आ.वा. 05/24

प्रेषक,

जिलाधिकारी,

देहरादून

सेवा में,

प्रमुख सचिव (वित्त)

उत्तराखण्ड शासन

सचिवालय, देहरादून

विषय : नये वाहनों के क्रय के संबंध में ।

महोदय,

शासनादेश सं. 833/दस-सं.वि. वित्त-21/24 दिनांक 10/03/24 के सन्दर्भ में मुझे यह तथ्य शासन के संज्ञान में लाना है कि इस जिले में अधिकारियों के प्रयोग में लाये जाने वाले कई वाहन बहुत पुराने हो गए हैं । उनकी मरम्मत और रखरखाव में प्रतिमास हजारों रुपये व्यय करने पड़ते हैं । वाहनों के जर्जर और उपयोगी न होने के कारण अधिकारियों को दौरों के बीच परेशानी होती है और सरकारी कार्य में बाधा आती है ।

Adda247
GET IT ON Google Play

उपर्युक्त तथ्यों को संज्ञान में रखते हुए तीन जीपों और दो कारों के क्रय की अनुमति के लिए शासन को संदर्भित शासनादेश निर्गत होने के पहले ही लिखा जा चुका है। (पत्र की प्रति संलग्न है।)

अतः प्रार्थना की जाती है कि विशेष परिस्थितियों में तीन जीपों तथा दो कारों के क्रय की अनुमति प्रदान करने की कृपा की जाए।

भवदीय

सूचनार्थ प्रतिलिपि निम्नलिखित को प्रेषित

(हस्ताक्षर)

1\.

जिलाधिकारी

2\.

देहरादून

3\. (क) अर्द्धसरकारी पत्र के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए एक अर्द्धसरकारी पत्र लिखिए जिसमें एक महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा दूसरे महाविद्यालय के प्राचार्य से छात्रों की कम होती संख्या को लेकर चिंता प्रकट करते हुए सुझाव माँगा गया हो। **15 अंक**

(ख) कार्यालय ज्ञाप किसे कहते हैं ? कार्यालय ज्ञाप का एक प्रारूप तैयार कीजिए। **15 अंक**

(ग) उपसचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा समस्त मंत्रालयों एवं विभागों को हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए लिखे गए पत्र के संदर्भ में राजभाषा अधिकारी, पर्यटन मंत्रालय द्वारा अंकित टिप्पणी लिखिए। **15 अंक**

4\. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** शब्दों का हिंदी में रूपांतरण कीजिए : **10 अंक**

(i) Appendix
(ii) Approval
(iii) Blue print
(iv) Exception
(v) Contempt
(vi) Digression
(vii) Allegation
(viii) Circular
(ix) Affidavit
(x) Agenda
(xi) Infringement
(xii) Fiscal

Adda247 GET IT ON Google Play

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** शब्दों का अंग्रेजी में रूपांतरण कीजिए : **10 अंक**

(i) वर्गीकरण

(ii) आभार

(iii) पहल

(iv) अधिनियम

(v) प्रावधान

(vi) सत्यापन

(vii) विशेषाधिकार

(viii) विसंगति

(ix) वैकल्पिक

(x) न्यासी

(xi) निदेश

(xii) अनधिकृत

Adda247